हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 18 मई 2026



# पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि से बिगड़ा किचन का बजट, सब्जियां भी महंगी

## सब्जियों के दामों में 20 से 30 फीसदी तक इजाफा, बाहर से आने वाली सब्जियों पर असर अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अलग खबर

डीजल, पेट्रोल के दामों में वृद्धि का असर सब्जियों की कीमतों में बढ़ोत्तरी के साथ दिखाई दे रहा है। पहले ही रसोई गैस के बढ़े दाम की वजह से मध्यमवर्गीय परिवार में रसोई का बजट बिगड़ा हुआ था। वहीं अब पेट्रोल-डीजल में 3 रुपए की वृद्धि होने से बाहर से आने वाली सब्जियों के दाम बढ़ रहे हैं। इस वर्ष ठंड के मौसम जनवरी-फरवरी में भी सब्जियों के दामों में कमी नहीं हुई।

वहीं लगभग एक सप्ताह पूर्व 25 रुपए किलो बिकने वाले टमाटर के दामों में भी उछाल आ रहा है। टमाटर 40 रुपए किलो पर पहुंच गया है। वहीं लगभग पखवाड़ेभर से 25-30 रुपए किलो बिकने वाली सब्जियों के दाम भी बढ़ रहे हैं। राजनांदगांव मंडी में नासिक से टमाटर और प्याज की आवक बहुतायत में होती है, ऐसे में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से टमाटर, प्याज के दामों में वृद्धि देखी जा रही है।

लगातार बढ़ती महंगाई से पहले ही मध्यवर्गीय जनता परेशान है। वहीं अब पेट्रोल, डीजल संकट के बीच दामों में बढ़ोत्तरी का सीधा असर रसोई पर पड़ रहा है। इससे रोजमर्रा की वस्तुएं महंगी होने के साथ ही फल और सब्जियों की दामों में भी वृद्धि हो रही है। फल की बात करें तो यूपी और अन्य क्षेत्रों से आने वाले आम की कीमतों में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। बाहर से आने वाला आम 80 से बढ़कर 100 रुपए किलो पहुंच गया है। पेट्रोल-डीजल के दामों में और वृद्धि हुई तो आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाएगा।

### बढ़ रहे सब्जियों के दाम

पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम का असर ऐसा हो रहा है कि रविवार को शहर के गोल बाजार में टमाटर 40 रुपए किलो, कुंदरू 20 रुपए पाव, कटहल 40 रुपए किलो, खीरा 40, कोचई 60, परवल 40, भिंडी 30, फूलगोभी 30, करेला 40, गलका 30 रुपए किलो और कच्ची कैरी 30 से 40 रुपए किलो। वहीं आलू और प्याज 20-25 रुपए किलो बिक रहा है। जिसने घर का बजट बिगाड़ दिया है।

### खास बातें

- आलू, प्याज और टमाटर जैसी सब्जियों के दाम में अधिक असर
- स्थानीय आवक के भरोसे ही सब्जी बाजार



### मौसम की मार का असर

बीते एक सप्ताह से बदले मौसम के चलते धूप और बारिश का असर भी सब्जियों की फसलों पर पड़ रहा है। जिससे सब्जियां खराब हो रही है। जिसकी वजह से दामों में बढ़ोत्तरी हो रही है। वहीं लोकल बाड़ी से पर्याप्त सब्जियां नहीं आने और डीजल, पेट्रोल के बढ़े दाम के चलते बाहर से आने वाली सब्जियों के दामों में वृद्धि हुई है।

---

## खबर संक्षेप

### किरण वर्मा होगी भाजपा की अध्यक्ष प्रत्याशी



**राजनांदगाव।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी 1 जून को होने वाले नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर घुमका नगर पंचायत के लिए अध्यक्ष पद के रूप में किरण वर्मा पति एकलव्य वर्मा को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडे ने आज देर रात अध्यक्ष पद के रूप में किरण वर्मा की घोषणा की है। विदित हो कि किरण वर्मा लंबे समय से समाज सेवा एवं सक्रिय राजनीति में भी जुड़ी रही हैं, उन्होंने पिछला सरपंच चुनाव भी लड़ा था, किरण वर्मा की व्यापारिक स्वच्छ पृष्ठभूमि के कारण अध्यक्ष पद के 4 प्रत्याशियों में से किरण वर्मा का चयन किया गया। राजनीतिक हलकों में उन्हें दमदार प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव संचालक मधुसूदन यादव ने बताया कि अध्यक्ष प्रत्याशी के साथ सभी घोषित 15 प्रत्याशी सामूहिक रैली के रूप में निकलेंगे और नामांकन दाखिल करेंगे।

### सोमनी उपकेंद्र के भीतर शराब पार्टी पर एक्शन

**राजनांदगांव।** सोमनी स्थित बिजली उपकेन्द्र दफ्तर परिसर में शराब पार्टी करने वाले कर्मचारियों पर एक्शन लिया गया है। इस मामले में लाइन सहायक सहित ठेका कंपनी के एक कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमनी उपकेंद्र में पदस्थ लाइन सहायक ललेश्वर दास साहू एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी धनेश देशमुख द्वारा उपकेन्द्र परिसर के भीतर ही शराब पार्टी की जा रही थी। जिसका वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया था। इस पोस्ट के संज्ञान में आने के बाद कार्यपालन अभियंता ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बताया गया कि इस मामले में आउटसोर्सिंग कंपनी को भी एक पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

---

### जल्द जारी होगा पोर्टल, खाद के वितरण में आएगी पारदर्शिता

# अब किसानों को खाद के लिए कराना होगा मोर जमीन मोर खाद में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन से किसानों को सहकारी सोसाइटियों से खाद खरीदने के लिए भी पंजीयन कराना होगा। मोर जमीन मोर खाद नाम से संचालित छत्तीसगढ़ अन्नदाता उर्वरक वितरण पोर्टल के माध्यम से यह काम होगा। राज्य में यह व्यवस्था पहली बार लागू होने जा रही है। इससे पहले तक केवल पंजीकृत रकबे के आधार पर उर्वरक का वितरण किया जाता था। पंजीयन नहीं कराने वाले किसानों को खाद का वितरण नहीं होगा।

ज्ञात हो कि इससे पहले एक आदेश जारी कर यह भी तय कर दिया गया है कि किसानों को फसल के अनुसार कितना खाद दिया जाना है। इसमें किसान के पास उपलब्ध खेत के रकबे के अनुसार खाद का वितरण होना है। हालांकि इस नए आदेश को लेकर किसानों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। वहीं जहां एक अप्रैल से किसानों को खाद का वितरण शुरू होना था, अब भी जिले में वितरण की रफ्तार धीमी पड़ी हुई है। किसान खरीफ सीजन में अधिकांश धान की फसल ही लेते हैं। यही कारण है कि बारिश का इंतजार किसानों को है।



### पोर्टल में रहेगा डाटा

किसानों को इस सिस्टम से खाद खरीदने के लिए तय समय पर चुनी हुई दुकान पर जाकर अपना डिजिटल टोकन दिखाना होगा। दुकान पर पीओएस मशीन के माध्यम से किसान के अंगूठे का निशान लेकर उसकी पहचान सुनिश्चित की जाएगी। मशीन पर किसान को खाद की कुल पात्रता, पहले खरीदी गई मात्रा और बची हुई मात्रा दिखाई देगी। खाद लेने के बाद किसान का रिकार्ड और बची हुई खाद की मात्रा तुरंत पोर्टल पर अपडेट हो जाएगी।

### जमीन और फसल की जानकारी

यह नया सिस्टम इस तरह से बनाया गया है कि किसान की जमीन का विवरण भुईयां पोर्टल और एग्रीस्टेक पोर्टल से अपने आप जुड़ जाएगा। इसके आधार पर ही खाद की मात्रा, किसान की फसल के प्रकार और जमीन के रकबे के आधार पर तय की जाएगी। अगर किसान अपनी फसल बदलता है तो इसकी सूचना पोर्टल पर देनी होगी। इसका सत्यापन के 24 घंटे के भीतर किए जाने का प्रावधान है। अगर किसान भूमिहीन या अधिया वाला है तो भूमि स्वामी द्वारा पोर्टल में दी गई जानकारी के आधार पर पंजीयन करा सकते हैं।

### इस बात का रखना होगा खास ख्याल

इस सिस्टम में किसानों को याद रखने वाली खास बात यह है कि सरकार का दावा है कि यह खाद वितरण पूरी तरह पारदर्शी है। जिससे खाद की कालाबाजारी पर पूरी तरह अंकुश लग सकेगा। अगर किसान किसी सीजन में खाद नहीं ले पाए तो बची हुई मात्रा अगले सीजन में जोड़ी जा सकेगी। इस सिस्टम में किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत आने पर पोर्टल के हेल्प डेस्क और कॉल सेंटर की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

### इस तरह काम करेगा नया सिस्टम

छत्तीसगढ़ अन्नदाता उर्वरक पोर्टल इस तरह काम करेगा। सबसे पहले इस सिस्टम में किसानों का पंजीयन किया जाएगा। यह पंजीकरण पोर्टल पर सिर्फ एक बार करना होगा। ऋणी किसान अपने क्षेत्र की सहकारी समिति या चॉइस सेंटर के माध्यम से यह पंजीयन करा सकते हैं। अऋणी किसान केवल चॉइस सेंटर से ही पंजीयन करा पाएंगे। इसके लिए उन्हें आधार कार्ड और ई-केवाईसी अनिवार्य होगा।

### खाद खरीदने के लिए लगेगा टोकन

नई व्यवस्था का यह सबसे अहम हिस्सा यह है कि हर सीजन चाहे वह खरीफ हो या रबी, खाद उठाने के लिए किसानों को पोर्टल पर आवेदन कर डिजिटल टोकन हासिल करना होगा। टोकन में किसान की आईडी, फसल, खाद का प्रकार और मात्रा की जानकारी होगी। यह टोकन किसान के मोबाइल पर एसएमएस या मोबाइल एप के जरिये मिलेगा। किसान अपनी पसंद की दुकान रिटेलर और खरीदने का समय चुन सकते हैं।

---

# मारपीट का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव




मारपीट व जानलेवा हमला करने का फरार मुख्य आरोपी की पता तलाश कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली अंतर्गत फ्लाई ओवर के नीचे पोस्ट ऑफिस चौक के पास रहने वाले प्रार्थी संजय मंडावी और उनके परिजनों पर आरोपियों द्वारा शराब पीने के लिए पैसे न देने की बात पर विवाद किया गया था। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने डंडा और फाइबर की बेंत से ताबड़तोड़ हमला कर प्रार्थी और उनके परिजनों को गंभीर प्राणघातक चोटें पहुंचाई। इसके अतिरिक्त आरोपियों द्वारा प्रार्थी के डेरा (झोपड़ी) में आग लगाकर सामान को भारी नुकसान भी पहुंचाया गया, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 109(1), 119(1), 3(5) एवं गंभीर चोंट पहुंचाने के तहत धारा 326(क) जोड़ी। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एवं घटना में प्रयुक्त फाइबर की बेंत और लकड़ी का डंडा जब्त किया। पीड़ितों और गवाहों के बयान धारा 180 और 183 बीएनएसएस के तहत दर्ज किए जा चुके हैं। इस मामले की अन्य दो सह-आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### दुर्ग में पकड़ाया आरोपी

आरोपी आनंद सोनकर 27 वर्ष घटना के बाद से लगातार फरार था। जिसकी तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस स्टाफ ने दुर्ग जाकर आरोपी को अपनी अभिरक्षा में लिया, जिसने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल कराया गया है।

---

# पिकअप में मवेशी तस्करी, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशियों को तस्करी कर महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था। जिसकी पायलेटिंग करते वाहन को भी पुलिस ने घेरकर पकड़ा। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 मई को पुलिस सुबह छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र की ओर 4 नग भैंसों को महिंद्रा पिकअप में भरकर ले जा रहे तथा वाहन के पायलेटिंग कर रहे उनके सहयोगियों को थाना लालबाग स्टाफ द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर चौक पेंड्री के पास अन्य लोगों के सहयोग से रोककर पकड़ा गया।

**संलिप्त अन्य की तलाश:** पशु तस्करी के अपराध में संलिप्त अन्य व्यक्तियों का पता तलाश कर विधिवत गिरफ्तारी कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मंजुलता बाज तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में लालबाग पुलिस स्टाफ द्वारा की गई।

### चार मवेशी बरामद

वाहन पिकअप को देखने पर वाहन में 4 नग मवेशी को ठूंस-ठूंसकर भरकर क्रूरतापूर्वक बिना चारा-पानी दीये महाराष्ट्र की ओर बुचड़खाना ले जाते पाए जाने पर 4 नग मवेशी कीमती 80,000 रुपए को परिवहन करते 1 वाहन पिकअप अशोक लीलैंड एवं सहयोग करने वाले 1 वाहन कार होंडा अमेज व 5 नग मोबाइल फोन को जब्त किया गया।

### चालक व सहयोगी पकड़े गए

पुलिस के मुताबिक थाना लालबाग द्वारा पकड़े गए आरोपी वाहन चालक एवं सहयोगियों नितेश शिवरतन भंवरिया, शाहरूख खान, मोहम्मद मुबाशिर शेख एवं मोहम्मद साजिद सभी आरोपी महाराष्ट्र निवासी के खिलाफ अपराध धारा-4, 6, 10 छ.ग.कृ. प.परि.अधि एवं 11(1) (घ), 11(1) (ज) पशु क्रू. निवा. अधि. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड प्राप्त किया जा रहा है।

---

# तापमान में 3 से 4 डिग्री वृद्धि की संभावना तेज हवाओं के साथ बारिश का भी अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



पिछले कुछ दिनों से बदले हुए मौसम का हाल आगे भी ऐसे ही बने रहने की संभावना जताई गई है। बताया गया कि आज रविवार को अंचल सहित प्रदेशभर में बारिश की गतिविधिया देखने को मिली है। आने वाले दिनों में भी बारिश की गतिविधियों में तेजी देखने को मिल सकती है। हालांकि इस दौरान भी तापमान में गिरावट की बजाए इजाफा ही देखने को मिलेगा।

मिली जानकारी के अनुसार मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन आने वाले दिनों में बारिश देखने को मिल सकती है। बताया गया कि एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बंगाल के खाड़ी-श्रीलंका के उत्तरी तट के ऊपर बना हुआ है। प्रदेश में कल 18 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है।

### अब फिर चढ़ेगा तापमान

पिछले कुछ दिनों से बेमौसम बारिश की वजह से तापमान में गिरावट देखने को मिली थी। अधिकतम पारा 46 डिग्री से लुढ़ककर 35 डिग्री तक जा पहुंचा था, लेकिन अब इसमें फिर से इजाफा देखने को मिला। जिले का अधिकतम तापमान अब 40 डिग्री तक जा पहुंचा है। जिसमें हल्की वृद्धि की संभावना जताई गई है।

### अंधड़ से मिलेगी राहत

बताया गया कि राजस्थान से बंगाल तक बनी ट्रफ लाइन और बिहार से आंध्रप्रदेश तक एक्टिव साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण छत्तीसगढ़ का मौसम बदला हुआ है। इसके प्रभाव से शाम और रात में बादल, गरज-चमक और तेज हवाओं की स्थिति बनी हुई थी। हालांकि अब इसमें राहत के आसार बताए गए हैं। अंधड़ चलने की बजाए अंचल में हल्की से मध्यम बारिश देखने को कल से मिल सकती है।

---

### 10वीं-12वीं के साथ ही पांचवी और आठवीं कक्षा में भी देखने को मिला अंतर

# शहरी इलाके के मुकाबले ग्रामीण के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

माशिम द्वारा जारी जिले के बोर्ड परीक्षा परिणामों के आंकड़ों ने शिक्षा के क्षेत्र में एक दिलचस्प तस्वीर पेश की है। जारी आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि शैक्षणिक सत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का प्रदर्शन शहरी क्षेत्रों के मुकाबले काफी बेहतर और संतुलित रहा है। विशेषकर संसाधनों की चुनौतियों के बावजूद ग्रामीण छात्र उत्कृष्टता की दौड़ में आगे नजर आ रहे हैं। दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षाओं में ग्रामीण इलाकों के बच्चों ने शहरी इलाकों के विद्यार्थियों से साढ़े तीन फीसदी अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.56 प्रतिशत रहा। जबकि शहरी क्षेत्रों का औसत प्रदर्शन इससे पीछे रहकर 86.69 प्रतिशत पर सिमट गया। ग्रामीण क्षेत्रों में कला, वाणिज्य और विज्ञान तीनों ही संकायों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। उदाहरण के तौर पर खैरझेटी जैसे ग्रामीण स्कूलों ने 90 प्रतिशत से अधिक का परिणाम दिया है। वहीं शहरी क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद स्कूलों का प्रदर्शन अच्छा रहा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों जैसे मुरमुंदा, रानीतराई ने सीमित संसाधनों के बावजूद 100 प्रतिशत तक परिणाम देकर सबको चौंका दिया है। कक्षा 10वीं के परिणामों में भी ग्रामीण अंचल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ग्रामीण स्कूलों का कुल पास प्रतिशत 91.92 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो शहरी क्षेत्र के 88.48 प्रतिशत के मुकाबले लगभग 3.5 प्रतिशत अधिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 3,156 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। तुलनात्मक रूप से शहरी क्षेत्रों में यह संख्या मात्र 859 रही। अच्छे प्रतिशत 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों की संख्या भी ग्रामीण क्षेत्रों में काफी अधिक है। बोटेपार और रेंगाकठेरा जैसे ग्रामीण स्कूलों में शत-प्रतिशत 100 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं।

### आत्मानंद स्कूलों के परिणाम बेहतर




विश्लेषण से पता चलता है कि जहां शहरी क्षेत्रों में स्वामी आत्मानंद जैसे उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों ने अपना दबदबा बनाए रखा है। वहीं शहरी क्षेत्र के कुछ अन्य सरकारी स्कूलों जिनमें महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, राजनांदगांव का परिणाम 60 प्रतिशत के करीब रहने के कारण औसत प्रतिशत गिर गया है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और बच्चों की मेहनत ने सामूहिक परिणाम को बेहतर बनाया है।

### 20% तक सुधरा प्रदर्शन

जिले से इस बार 10वीं कक्षा में कुल 11433 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 10177 यानी 89.41 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं, जो पिछले साल 68.78 से लगभग 20.65 प्रतिशत अधिक है। वहीं 12वीं कक्षा में 9185 बच्चे बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें से 8035 यानी 87.56 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। यह पिछले साल के 82.25 प्रतिशत से 5.31 फीसदी अधिक है। वहीं 10वीं कक्षा में 874 बच्चे एवं 12वीं कक्षा में 368 परीक्षार्थी परीक्षा पास नहीं कर पाए हैं।

**पांचवी-आठवीं का भी परिणाम बेहतर :** केवल दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के परिणाम में इस साल सुधार नहीं आया है, बल्कि जिले में 5वीं और 8वीं कक्षा के बच्चों का भी बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला है। ज्ञात हो कि इस बार पांचवी कक्षा में जहां 99.17 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। वहीं आठवीं कक्षा में 98.53 बच्चे पास हुए हैं। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पांचवी कक्षा में कुल 14143 बच्चे पंजीकृत थे। जिसमें से 14027 बच्चे पास हुए और 116 पूरक आए हैं। ऐसे ही आठवी कक्षा में कुल 14314 बच्चे पंजीकृत थे। जिसमें 14105 पास हुए और 209 पूरक आए हैं। वहीं दोनों कक्षा में पूरक आए 325 बच्चों को अब दोबारा परीक्षा देनी होगी। हालांकि इसके बाद भी उन्हें आगे की कक्षा में प्रवेश दे दिया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### डॉ. समीर को उल्लेखनीय कामयाबी



**छुईखदान।** छुईखदान के युवा चिकित्सक डॉ. समीर रजक ने डीएनबी-पीडीसीईटी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 177 प्राप्त कर पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। डॉ. समीर रजक की प्रारंभिक एवं हायर सेकेंडरी शिक्षा छुईखदान में हुई थी। बचपन मेधावी डॉ. रजक ने अपनी लगन और परिश्रम के दम पर चिकित्सा क्षेत्र में यह उपलब्धि हासिल की है। इसके पश्चात उन्होंने पं जवाहरलाल मेरोरियल मेडीकल कालेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण की। उन्होंने स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की पढ़ाई राजस्थान के पाली जिले से पूर्ण किया। डॉ. रजक की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता गिरिराज, गिरिराज किशोर दास, संजीव दुबे, देवराज किशोर दास, मनोज चौबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, दीपक देशमुख, संजय शर्मा, नीलम वैष्णव, दीनदयाल यदु, आदित्य देव वैष्णव, आशु खान, सुधीर जैन, आलोक यादव ने डॉ. रजक को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी है।

### मंदिर में शनि जन्मोत्सव की धूम



**डोंगरगांव।** नगर में स्थित शनि मंदिर में शनि जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया । श्री शनि मंदिर की संचालिका उमाराजे राजपूत ने बताया कि प्रातः 5 शनि देव का अभिषेक, हवन पूजन हुआ। शनि दर्शन करने दिनभर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। दिन भर प्रसाद वितरण किया गया। यह मंदिर नवग्रह मन्दिर के साथ स्थापित है। यहाँ दूर दूर से लोग दर्शन करने आते हैं।

### नए थाना प्रभारी ने संभाला पदभार

**खड़गांव।** पुलिस अधीक्षक ने जिले पदस्थ निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों का तबादला किया जिसके चलते खडगांव थाना निरीक्षक संजय यादव को सीतागांव थाने का प्रभार सौंपा गया। वहीं पाटनखास के उपनिरीक्षक गणेशराम यादव को खडगांव थाना का प्रभार दिया गया। रविवार को नव पदस्थ थाना प्रभारी गणेशराम यादव ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने जवानों से उनका परिचय जाना और नए तरीके से मिलजुलकर कार्य करने के टिप्स साझा किया। श्री यादव ने कहा कि पुलिस आमजनों की सुरक्षा के लिए है और आमजन हमारे मित्र स्वरूप है इसलिए पुलिस को मित्र समझकर परेशानी को निःसंकोच बता सकते है। व्यापारी संघ के जितेंद्र गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, तकिया सेठ, चाहत तंबोली, ओमप्रकाश शर्मा, तोमन साहू, भीखम रावटे, रुपेश गुप्ता, लक्की गुप्ता आदि ने यादव को पदभार ग्रहण करने पर ढेर बधाई दी है।

### बारिश से मिली राहत पर आंधी तूफान ने बढ़ाई परेशानी

# दिन में मेंटनेंस, शाम को तूफान ने किया विद्युत व्यवस्था चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शनिवार को करीब साढ़े चार घंटे तक बिजली गुल कर किए गए मेंटनेंस कार्य की मेहनत पर शाम को आंधी तूफान ने पानी फेर दिया। आंधी तूफान से गिरे पेड़ों ने विद्युत व्यवसस्था को नुकसान पहुंचाया जिसके चलते रात भर बिजली की आंख मिचौली जारी रही। वोल्टेज के अप डाउन होने से कूलर, पंखा और एसी नहीं चलने से लोगों को करवट बदल कर रात गुजारना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को सुबह 9 से दोपहर डेढ़ बजे तक शहर के विभिन्न इलाकों की बिजली कट कर मेंटनेंस किया गया था। शाम को मौसम ने अचानक रुख बदला और तेज आंधी तूफान ने विद्युत वितरण कंपनी की मेहनत पर पानी फेर दिया। जानकारी के अनुसार आधी तूफान आने के बाद करीब 4 घंटे तक पूरा शहर अंधेरे में डूबा रहा। रात करीब 11 बजे लाइट जरूर बहाल हुई किंतु वोल्टेज की समस्या पूरी रात बनी रही। कम वोल्टेज के चलते एसी और कूलर तो चले ही नहीं वही पंखे सिर्फ रुक रुक कर चलते हुए दिखाई दिए।

## दिनभर पानी की सप्लाई रही बाधित

### लोगों को नहीं मिला पानी

बिजली के गुल रहने और लो वोल्टेज का असर रविवार को भी देखने मिला। शहर की टंकियों के खाली रहने के कारण सुबह पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। पानी के लिए लोग सुबह से मशक्कत करते नजर आए है। हैंडपंप में पानी भरने के लिए महिलाओं की कतार लगी रही। रविवार की शाम तक निकाय और विद्युत वितरण कंपनी की लगातार कवायद के बाद भी न तो विद्युत सप्लाई पूरी तरह दुरुस्त हो सकी और न ही पूरे शहर को पानी मिल सका।



### आत्मनिर्भर होना हुआ जरूरी

नगर की पेयजल सप्लाई व्यवस्था बिजली पर निर्भर है जिसके एवज में निकाय को हर महीने भारी भरकम बिजली बिल चुकाना पड़ता है। वहीं आए दिन बिजली कट के कारण सप्लाई व्यवस्था बाधित होने से लोगों को परेशान होना पड़ता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए लोगों को कहना है कि पार्षद निधि मद से कुर्सी आदि की अनुपयोगी खरीदी करने के बजाए सोलर पंच, सोलर प्लांट लगाने की पहल करना चाहिए जिससे निकाय को सीधे तौर पर लाभ होगा और लोगों को राहत भी मिलेगी।

### नाली की गंदगी सड़क पर

शनिवार की शाम को हुई तेज बारिश ने सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर सड़क पर ला दिया। फव्वारा चौक पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व दामोदर टावरी के घर के सामने से लेकर श्री राम इंटर प्राइजेस तक नाली से पानी की निकासी नहीं होने के कारण पूरी गंदगी सड़क पर आ गई थी। शहर के अन्य क्षेत्र की नालियों का भी यही हाल रहा। शहर के विभिन्न स्थानों पर कूड़ा कचरा, डिस्पोजल बिखरे नजर आए।

### तूफान से उड़ा घर का छप्पर



**पटेवा।** अंचल में शनिवार को तेज़ बारिश होने से लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत मिली, किन्तु तेज अंधड़ चलने से पेड़ पौधे टूटने के साथ कई घरों के टिन शेड एवं छप्पर उड़ गए। सबसे ज्यादा नुकसान समीपस्थ ग्राम मासूल में देखने मिला है। मनहरण पटेल के घर का छप्पर उड़ गया, जिससे उसके सामने आवास की समस्या उत्पन्न हो गई है। घर में रखे राशन एवं अन्य घरेलू समान भीग गए। उसे हजारों की आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। इसके अलावा कई अन्य घरों के टीन शेड उड़ने की जानकारी है।

## कार का टायर फटा बचाने के प्रयास में मालवाहक पलटा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी

जीई रोड पर चिरचारी स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे में एक कार और ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गए। यह दुर्घटना कार का टायर फटने के कारण हुई। गनीमत रही कि इस भीषण टक्कर और गाड़ियों के पलटने के बावजूद दोनों वाहनों के चालकों को गंभीर चोट नहीं आई है। सूचना मिलते ही 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर यातायात बहाल कराया।

जानकारी के अनुसार रेनॉल्ट डस्टर कार क्रमांक एमएच 31 एफए 7942 रायपुर से नागपुर की ओर जा रही थी। चिरचारी के पास अचानक कार का टायर फटने से चालक नियंत्रण खो बैठा और कार पलटते हुए सड़क के दूसरी ओर जा पहुंची। इसी दौरान सामने से आ रहे मालवाहक महिंद्रा ब्लैज़ो एमएच 40 सीएम 2300 के चालक ने कार को बचाने की कोशिश में तेजी से स्टेरिंग घुमा दिया और इस प्रयास में ट्रक अनियंत्रित होकर खेत के पास जाकर पलट गया।

### वाहन क्षतिग्रस्त, सुरक्षित रहे चालक

दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह से पिचक गया है और कांच टूट गए हैं। वहीं ट्रक भी पूरी तरह पलट गया है। हालांकि सुरक्षा उपायों और ट्रक चालक की सूझबूझ के कारण जनहानि नहीं हुई। दोनों चालक सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और ने स्थानीय लोगों की मदद से कार को किनारे करवाया ताकि नेशनल हाईवे पर यातायात बाधित न हो।

## गांजा उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के मामले में पुलिस ने फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 15 मई को चिखली तालाब पार में आरोपिया के कब्जे से 2.492 किग्रा मादक पदार्थ गांजा कीमती 24920 रुपए रखे हुए रंगे हाथ पकड़कर वैधानिक कार्रवाई कर आरोपिया को जेल निरूद्ध किया गया है। आरोपिया को मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु उपलब्ध कराने वाला मुख्य आरोपी सोहेल उर्फ छोटू फरार था। चौकी चिखली पुलिस द्वारा चिखली रमन बाजार क्षेत्र में मुखबीर तैनात कर सूचना प्राप्त कर आरोपी नबी हुसैन उर्फ सोहेल खान उर्फ छोटू 27 साल रमन बाजार को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपने सहयोगी आरोपिया के साथ अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु रखना स्वीकार करने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## निगम की टीम ने दो दिन में पकड़े दर्जनभर मवेशी

### 5 मवेशी को भेजा रेवाडीह कांजी हाउस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी निगम सीमा क्षेत्र के चौक-चौराहों में घूमते रहने एवं बैठे रहने से यातायात बाधित होने एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आमजनों एवं मवेशियों को दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकड़ा जाता है तथा बीमार मवेशी ईलाज के लिए गौशाला पिंजरापोल छोड़ा जाता है।

मवेशी धरपकड़ अभियान के तहत कल व आज में चौक-चौराहों से 12 घुमंतू एवं बैठे मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस पहुंचाया गया। इसके अलावा आमजनों द्वारा निदान 1100 में शिकायत करने पर 5 मवेशी पकड़ रेवाडीह कांजी हाउस पहुंचाया गया, जहां गंज मंडी से बचे फल-सब्जी लाकर मवेशियों को खिलाया जा रहा है।

मवेशियों को पकड़ने शासन व प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नगर निगम की घुमंतू मवेशियों को पकड़ने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम चौक-चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई के तहत रामदरबार चौक, मठपारा रोड, लखोली नाका, नंदई चौक, बसंतपुर क्लब चौक एवं जिला चिकित्सालय के पास से 7 एवं कल महामाया चौक, महेश नगर, कौरिनभाठा, कमला कॉलेज रोड, आरके नगर से घुमंतू एवं बैठे 5 मवेशी को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है।



### अर्थदंड लेकर छोड़ा जाएगा मवेशी

इसी प्रकार निदान 1100 में ममता नगर, मोहड, आजाद चौक, गौशाला लाइन बजरंगपुर नवागांव से आमजनों द्वारा किए गए शिकायत के आधार पर 5 मवेशी पकड़ रेवाडीह काजी हाउस में रखा गया है, जहां से उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़ा जाएगा। इसके अलावा रात में दुर्घटना को ध्यान में रखकर शहर के प्रमुख मार्ग व चौक-चौराहों में बैठे तथा विचरण करते मवेशियों को निगम की टीम द्वारा हकाला जाता है। साथ ही सन-सिटी, मोहारा, रायपुर नाका, सुभाष द्वार एवं आम्बेडकर चौक से बीमार मवेशी की सूचना पर उन्हें पकड़ ईलाज के लिए गौशाला पिंजरापोल छोड़ा गया।

### अपालन की स्थिति में होगी कार्रवाई

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिकों से अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांधकर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घूमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। अपालन की स्थिति में मवेशी मालिकों के उपर कार्रवाई करते अर्थदंड अधिरोपित किया जाएगा।

## किसान को मिला जमीन का मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वर्षों से अपने घर और जमीन पर निवास करने के बावजूद कानूनी दस्तावेजों के अभाव में असुरक्षा महसूस करने वाले ग्रामीणों के लिए स्वामित्व योजना आशा की नई किरण बनकर सामने आई है। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम साल्हे में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में तहसील कुमरदा क्षेत्र के हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख पत्र प्रदान किए गए। जिससे उनके चेहरे पर खुशी साफ झलकने लगी। ग्राम उचईपुर निवासी कस्तुरीबाई ने अधिकार अभिलेख पत्र प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि वर्षों से जिस जमीन पर उनका परिवार रह रहा था, उसका कोई पक्का दस्तावेज नहीं होने से हमेशा चिंता बनी रहती थी। अब शासन की योजना से उन्हें जमीन का अधिकार अभिलेख प्राप्त हुआ है। जिससे उनके परिवार को सुरक्षा और भरोसा मिला है।

उन्होंने कहा कि अब जरूरत पड़ने पर वे बैंक से ऋण लेकर अपने घर और परिवार की आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगी। उन्होंने शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार उचईपुर निवासी रूपचंद को भी स्वामित्व योजना के तहत जमीन का अधिकार अभिलेख पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने शासन की इस योजना की सराहना करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



### शिविर में समाधान

उल्लेखनीय है कि तहसील कुमरदा अंतर्गत स्वामित्व योजना के माध्यम से अब तक 58 नागरिकों को अधिकार अभिलेख पत्र वितरित किया जा चुका है। इससे ग्रामीणों को अपनी आबादी भूमि का वैधानिक स्वामित्व प्राप्त हो रहा है। साथ ही संपत्ति संबंधी विवादों को कम करना तथा ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। भारत शासन के निर्देशानुसार स्वामित्व योजना के अंतर्गत आबादी भूमि का स्वामित्व अधिकार प्रदान करने राजस्व विभाग द्वारा ग्रामों में आबादी भूमि का चिन्हांकन किया गया। इसके अनुरूप सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा ड्रोन सर्वे कर नक्शे तैयार किए गए। राजस्व विभाग ने भूमि स्वामियों के कब्जे का चिन्हांकन कर दावा-आपत्ति प्रक्रिया पूर्ण की। इसके बाद अंतिम नक्शा तैयार कर स्वामित्व अधिकार पत्र जारी किए गए। जिससे ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध हो सका। स्वामित्व योजना ग्रामीणों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव ला रही है। अब गांवों में रहने वाले लोग अपनी जमीन के पक्के दस्तावेजों के साथ आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना महसूस कर रहे हैं।

### महंगाई चरम पर, किसानों के साथ छलावा

# जनाकांक्षा पूरी करने में सरकार फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी की प्रभारी एवं पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर ने छुईखदान कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार आम जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। दिनों दिन बढ़ती महंगाई और मंहगी होती बिजली से लोग परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव के दौरान सरकार मौन रही, लेकिन चुनाव के बाद पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए गए जिसके कारण आम नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है। पेट्रोल पंपों में लंबी कतार लग रही है वहीं व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि का असर दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर भी पड़ा है। सीमेंट, सरिया, मकान निर्माण सामग्री सहित अन्य जरूरी सामानों के दाम बढ़ गए हैं। उन्होंने सरकार को आम जनता विरोधी बताया। छोटे व्यवसायियों की रोजी रोटी खतरे में आ गई है।




### धान खरीदी में देरी से किसान परेशान

उन्होंने आरोप लगाया कि हर वर्ष 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो जाती थी, लेकिन इस बार देरी कर किसानों को परेशान की नियत से खरीदी 15नवंबर से किया गया। ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया में भी किसान भटकते रहे और कई किसान धान बेचने से वंचित हो गए। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और 45 दिन में एक सिलेंडर देने के निर्णय से महिलाओं को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं चूल्हा जलाने मजबूर हैं। उन्होंने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले गैस सिलेंडर को लेकर आंदोलन करने वाली नेता अब चुप है।

### बिजली दर वृद्धि पर उठाए सवाल

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन करने वाला राज्य है और यहां सरप्लस बिजली की स्थिति होनी चाहिए, लेकिन बिजली बिलों में लगातार वृद्धि हो रही है जिसमें आम उपभोक्ता और किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि बिजली हाफ योजना भी बंद कर दिया गया है। पूर्व विधायक ने कहा कि महतारी वंदन योजना के नाम पर सरकार नौटंकी कर रही है। एक तरफ महिलाओं को एक हजार रुपए दिए जा रहे हैं, वहीं उन्हे केवाईसी कराने के लिए चक्कर कटवाया जा रहा है।

### नीट परीक्षा रद्द करने की निंदा

उन्होंने कहा कि देशभर के छात्र नीट परीक्षा में पेपर लीक की घटनाओं से परेशान हैं। छात्रों ने सालभर मेहनत की, लेकिन परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर वह कौन लोग है जो पेपर लीक में शामिल है। मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। आने वाले दिनों में कांग्रेस की विभिन्न इकाइयां आंदोलन करेंगी। इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल दास साहू, रामकुमार पटेल, विजय वर्मा, जिला महामंत्री सज्जाक खान, रिंकू गुप्ता, आलोक यादव, सरिता पांडे, भुनेश्वरी रानी, आरती, रिंकी महोबिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## रूदगांव में गायत्री महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में रूदगांव में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। पहले दिन मातृशक्तियों ने भव्य कलश यात्रा निकालकर गांव का भ्रमण किया। यज्ञ मंडप में कलश स्थापना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।

शाम को यज्ञाचार्य जयप्रकाश सिन्हा ने वैदिक मंत्रों के साथ दीप महायज्ञ कराया। उपस्थित ग्राम वासियों को नशा से दूर रहने का संकल्प कराया गया। सोलह संस्कारों की सारगर्भित व्याख्या करते हुए पुंसवन संस्कार ,अन्न प्राशन एवं दीक्षा संस्कार कराने प्रेरित किया गया। इसी क्रम में द्वितीय दिवस 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विविध संस्कार निःशुल्क कराए गए।

गांव के 15भाई बहनों ने दीक्षा ली। पूर्णाहुति एवं आरती के पश्चात ग्राम वासियों द्वारा गरबा नृत्य भी किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ हरेश सोनकर ने समापन मौके पर आभार व्यक्त एवं सम्मान पूर्वक टोली को विदाई दी। तृतीय दिवस पं. कामता प्रसाद ने शनिदेव का अभिषेक किया। इस मौके पर गीताराम साहू, क्षत्री सलामे, खोरबाहरा राम, सुरेंद्र सिंह, नरबद, बंसी, भजनलाल, नीलिमा सिन्हा, जय शनि देव हनुमंत सेवा संस्थान एवं रसराज मानस परिवार के सदस्य मौजूद थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


न्यू हॉलैंण्ड चलाइए....
देश हित में ईंधन बचाइए
NEW HOLLAND
AGRICULTURE
न्यू हॉलेण्ड देता है
5 लाख के फायनेंस पर
0% ब्याज
योजना 15 मई से 30 जून तक
NEW HOLLAND
TX
3630
SPECIAL OFFER
कीमत 10 लाख 15 हजार
आरटीओ + इंश्योरेंस
एसेसरीज
ऑफर 30 मई तक
कम डीजल ज़्यादा बचत
दमदार पावर बेहतर परफॉर्मेंस
स्वच्छ तकनीक स्वच्छ भारत
* नियम एवं शर्तें लागू
अधिकृत विक्रेता
शाकाम्भरी ट्रेडर्स
राजनांदगांव रोड, सोनेसरार, बाईपास रोड के पास, खैरागढ़
+91 8602996070, 9835371531

## सार समाचार

### स्टेडियम में टेबल टेनिस का विशेष प्रशिक्षण शिविर

**राजनांदगांव।** दिग्विजय स्टेडियम के इंडोर हाल में इन दिनों दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा टेबल टेनिस का प्रशिक्षण शिविर जारी है। 18 वर्ष तक की उम्र के बालक एवं बालिकाएं जो भी टेबल टेनिस खेलना, सीखना चाहते हैं, वह अपने अभिभावक के साथ या स्वयं आकर अपना रजिस्ट्रेशन कराकर इस शिविर में हिस्सा ले सकते हैं। शिविर में बच्चों को टेबल टेनिस एसोसिएशन के सुरेंद्र सिंह बग्गा, अरूण चौधरी एवं अनिल डुलानी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षकों द्वारा टेबल टेनिस खेल के बारे में बारीकियां समझाकर उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं।ग्रीष्मकालीन यह प्रशिक्षण शिविर पूर्णता निःशुल्क है। टेबल टेनिस के प्रति रूझान रखने वाले कई छोटे-छोटे बच्चे प्रतिदिन सुबह एवं शाम दो चरणों में आयोजित इस टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। दिग्विजय स्टेडियम समिति के सह-सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि पहली बार दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा विभिन्न खेलों के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने टेबल टेनिस के प्रति अपने रूझान को दर्शाकर उपस्थिति दर्ज कराई है।



### बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त, भाजपा सरकार मस्त

**राजनांदगांव।** पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि बढ़ती महंगाई से देश की जनता त्रस्त और परेशान है और मोदी सरकार जनता को राहत पहुंचाने का प्रयास करना छोड़कर जनता से अपील कर अपनी जवाबदारी से इतिश्री कर रही है। श्री पाटिला ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित उनके सभी मंत्रिगण पांच राज्यों में हुए चुनावों में इतने व्यस्त रहे कि देश में बढ़ रही महंगाई को नियंत्रित करने उनके द्वारा ना तो कोई कदम उठाया गया और न ही ध्यान दिया गया। पूंजीपतियों को छूट देकर उनकी संपत्ति बढ़ाने और जनता से टैक्स वसूली करने में व्यस्त मोदी सरकार गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को भूल चुकी है। यदि मोदी सरकार मुनाफाखोरों का साथ देना छोड़ कर समय पर महंगाई को नियंत्रित करने पर्याप्त कदम उठाती तो आम नागरिक महंगाई से त्रस्त और परेशान नहीं होते। भाजपा सरकार के अदूरदर्शिता का परिणाम ही है कि देश में पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर, रासायनिक खाद, दूध, अनाज व सब्जी सहित सभी दैनिक उपयोग के सामानों की कीमतें आसमान छू रही है। पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण परिवहन से लेकर दैनिक उपभोग की वस्तुओं के दाम में असीमित वृद्धि हो गई है।



### युनिवर्सिटी की कॉन्फ्रेंस में डॉ. निमिषा बनी रिसोर्स पर्सन

**राजनांदगांव।** आईटीएम युनिवर्सिटी रायपुर में आयोजित राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में नगर के पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय की सक्रिय सहभागिता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निमिषा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में निभाई। प्री-लिटिगेशन एवं पोस्ट-लिटिगेशन मिडिएशन विषय पर प्रभावी चर्चा का हिस्सा बनते डॉ. निमिषा ने अपने विचार रखे। रायपुर में आयोजित तृतीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन किया। डॉ. निमिषा ने मध्यस्थता की वर्तमान आवश्यकता, न्यायिक प्रक्रिया में उसकी प्रभावशीलता तथा प्री-लिटिगेशन एवं पोस्ट-लिटिगेशन मिडिएशन के बदलते आयामों पर अपने विचारों से सभासदों को अवगत कराया। उन्होंने कॉन्फ्रेंस के विषय को सौहार्द्रपूर्ण न्याय के क्षेत्र में जरूरी करार दिया। सम्मेलन में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक सुरभि अग्रवाल एवं सोनाक्षी सिरवानी ने भी प्रतिभागी के रूप में सहभागिता दी।



### कांग्रेस प्रत्याशी एक साथ आज भरेंगे नामांकन

**राजनांदगांव।** घुमका नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद कल 18 मई को सुबह 10 बजे अध्यक्ष पद सहित सभी पार्षद प्रत्याशी एक साथ विशाल रैली एवं शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रत्याशी चयन हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक रमेश डाकलिया एवं हेमंत वैष्णव ने क्षेत्र के वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेसजनों तथा दावेदारों से वन-टू-वन चर्चा कर व्यापक सहमति बनाने का प्रयास किया। सभी पक्षों से विचार-विमर्श के बाद जिलाध्यक्ष विपिन यादव के माध्यम से दावेदारों का पैनल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किया गया था, जिस पर त्वरित निर्णय लेते प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने देर रात्रि अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। नामांकन रैली में जिले के वर्तमान विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, खैरागढ़ विधायक, पूर्व महापौर, निगम, मंडल एवं आयोगों के पूर्व पदाधिकारी, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ एवं महिला पदाधिकारी, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, वर्तमान एवं पूर्व पार्षदगण सहित युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई एवं कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### सोलो एक्ट व नाट्य स्पर्धा का आयोजन 31 को

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव थियेटर ग्रुप ने अपनी परंपरा को कायम रखते आगामी 31 मई को सुबह 10 बजे से मेडिकल कॉलेज स्थित आडिटोरियम में सोलो एक्ट व नाटय प्रतियोगिता का आयोजन किया है। यह प्रतियोगिता एक दिवसीय होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं महापौर मधुसूदन यादव, आईजी बालाजी राव, एसपी अंकिता शर्मा एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आदि रहेंगे।

## पारंपरिक खेलों, जुम्बा डांस व गीत-संगीत का लिया मजा

# मस्ती की पाठशाला में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

हर रविवार को आयोजित होने वाली मस्ती की पाठशाला के प्रति लोगों का रूझान बढ़ रहा है। सुबह से बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग उत्साह के साथ पाठशाला में पहुचकर पारंपरिक खेल रस्सी, पिट्ठुल, रींग टास्क, सांप सीढ़ी, बैडमिंटन, तीरंदाजी, कराटे खेल का आनंद ले रहे हैं तथा नन्हे-मुन्ने बच्चे छोटे-छोटे खेलों में हिस्सा लेकर झूला, फिसलपट्टी का मजा उठा रहे हैं। वही बड़े-बुजुर्ग स्वस्थ रहने योग का सहारा लिया। साथ ही बड़ी संख्या मे बच्चे चित्रकला में भाग लेकर अपनी भावनाओं को ड्राईग सीट में उकेरे।

मस्ती की पाठशाला का सबसे आकर्षण कार्यक्रम जुम्बा डांस। जिसमें रीदम रिवाल्युसन ग्रुप के साथ बच्चे एवं युवा बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ी तथा हिन्दी गाने में थिरकते नजर आए। संगीत की कड़ी में बाइक की इंडिया टीवीएस कंपनी द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम में बच्चे एवं बड़ों ने गाना गाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कंपनी द्वारा विभिन्न प्रश्न पूछकर सही जवाब देने वालों को पुरस्कार दिए। विभिन्न खेलों में विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बैडमिंटन खेलकर आनंद लिया। नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह एवं पार्षदों के साथ सभी से मिलकर उनका उत्साहवर्धनकर चित्रकला के बच्चों को पुरस्कार दिया।



### मिल रहा अच्छा रिस्पांस

महापौर श्री यादव ने कहा कि जिस सोच के साथ मस्ती की पाठशाला शुरू किया गया, उसका अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। सुबह से ही बच्चे एवं युवा बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर भारतीय परंपरा से जुड़े खेल के अलावा योगा एवं जुम्बा डांस का आनंद ले रहे हैं। रविवार के दिन छुट्टी होने के कारण सभी में आराम करने की भावना रहती है, लेकिन मस्ती की पाठशाला के लिए सुबह 5 बजे से ही उठकर छोटे-छोटे बच्चे परिवार सहित पहुंचकर आनंद उठा रहे है। उन्होंने कहा कि जनभावना के अनुरूप इसे और अच्छा करने का प्रयास किया जाएगा।

### सभी का सहयोग

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि मस्ती की पाठशाला में सभी वर्ग के लोग पहुंच रहे हैं। शहर के सामाजिक एवं खेल जगत के लोगों के सहयोग से हर रविवार सफल आयोजन किया जा रहा है। पाठशाला के सफल संचालन के लिए निगम प्रशासन, पुलिस तथा यातायात विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व्यवस्था में लगे हुए हैं। आगामी सप्ताहों में अच्छे आयोजन के लिए और बेहतर व्यवस्था की जाएगी। आज के पाठशाला की सफलता में बाडीटेक जीम, रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, योगा ग्रुप, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, इंडियन टीवीएस कंपनी, राजनांदगांव रनर ग्रुप के अलावा खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी आदि संघों का सहयोग रहा।

## नियमानुसार भंडारण नहीं, उर्वरक गोदाम सील

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने खरीफ 2026 में जिले के किसानों को सहकारी व निजी क्षेत्रों से आवश्यक मात्रा में उर्वरकों का वितरण सुगमता एवं पादर्शिता से करने तथा अवैध रूप से उर्वरकों के भण्डारण एवं कालाबाजारी को रोकने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। इसी कड़ी में कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बेलगांव में मेसर्स मां शीतला कृषि केन्द्र के परिसर एवं कृषि केन्द्र के ग्राम माड़ीतराई स्थित गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम परिसर में भंडारित खाद किसान सुपर पाउडर लगभग 300 बोरी, एनएफएल यूरिया-290 बोरी, एनपीके 20:20:10-580 बोरी, एमओपी आईपीएल-273 बोरी, एनपीके 28:280:0-18 बोरी, डीएपी आईपीएल-52 बोरी, यूरिया एचयूआरएल-65 बोरी तथा किसान सुपर दानेदार 675 बोरी, इस प्रकार कुल अवैध रासायनिक उर्वरक भंडारण लगभग 2253 बोरी पाया गया। टीम द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खंड-7 का उल्लंघन पाए जाने के फलस्वरूप भंडारित उर्वरकों का जब्ती एवं सुपुर्दगी की कार्रवाई करते गोदाम को सील किया गया है। उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के धाराओं के उल्लंघन के संबंध में संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने की दशा में आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# पेट्रोल पंप के बाहर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

- बढ़े दामों और किल्लत पर केन्द्र सरकार को घेरा
- महंगाई पर कांग्रेस का 4 दिवसीय प्रदर्शन शुरू

पेट्रोल-डीजल संकट और बढ़े हुए दामों को लेकर कांग्रेस द्वारा शहर के महावीर चौक स्थित पेट्रोल पंप परिसर में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल भराने पहुंचे लोगों से कांग्रेस पदाधिकारियों ने संवाद किया। वहीं बैनर-पोस्टर के माध्यम से दामों में हुई वृद्धि को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा।

पेट्रोल, डीजल, खाद्य सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं की बढ़ी कीमतों को लेकर इसके विरोध में कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 मई से चार दिवसीय आंदोलन किया जा रहा। चरणबद्ध अंदोलन की शुरूआत कांग्रेस द्वारा पेट्रोल पंप पर प्रदर्शन कर किया गया। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के अगुवाई में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।



### संकट में किसानी कार्य

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि 60-70 प्रतिशत पेट्रोल पंप ड्राई हो गए हैं। जिससे समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को हार्वेस्टर और पंप चलाने के लिए डीजल नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराते बढ़े हुए दामों को वापस लेने मांग की।

### बाजार में प्रदर्शन आज

कांग्रेस कमेटी द्वारा अपने चरणबद्ध आंदोलन के तहत 18 मई को खाद्य तेल एवं राशन सामग्री की बढ़ती कीमतों को लेकर किराना बाजारों में प्रदर्शन करते किराना व्यवसायियो से चर्चा की जाएगी। वहीं 19 मई को सोना खरीदी पर रोक के आह्वान से सराफा व्यवसाय ठप होने व सोने-चांदी के व्यापारियों, कारीगरों एवं कर्मचारियों के रोजी-रोटी संकट के विरोध में सराफा बाजारों में प्रदर्शन किया जाएगा।

### केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

पेट्रोल, डीजल की कमी और बढ़े हुए दाम को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैनर-पोस्टर के माध्यम से अपना विरोध जताया और केन्द्र सरकार से बढ़े मूल्यों को वापस लिए जाने मांग की। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश राठौड़, कमलजीत सिंह पिंटू, इकरामुद्दीन सोलंकी, रूपेश जोशी, डॉ. आफताब आलम, माया शर्मा, मेहुल मारू, भागवत साहू, प्रेम रूचांदनी, हेमंत ओस्तवाल, सूर्यकांत जैन, बंटी यादव, राजा यादव, अमर झा, डॉ. आर. कुमार, आमीन हुड्डा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छोटे नोटों और सिक्कों की कमी से व्यापारी व आम जनता परेशान

## कैट ने आरबीआई गवर्नर को पत्र लिखकर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ इकाई ने प्रदेशभर में 5, 10 और 20 रुपए के नए नोट एवं सिक्कों की कमी को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा को पत्र प्रेषित कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

कैट के राष्ट्रीय व्यापार प्रकोष्ठ के अमर परवानी, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चैप्टर कैट परमानंद जैन, राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल, बीसी भरतिया एवं सुनील सिंघी के मार्गदर्शन में यह मांग उठाई गई है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में स्थित बैंकों में 5, 10 एवं 20 रुपए के नए नोट और सिक्के पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण व्यापारियों एवं आम नागरिकों को रोजमर्रा के लेन-देन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### तत्काल सिक्के जारी करने की मांग

कैट ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ में 20 करोड़ रुपए मूल्य के सिक्कों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भारतीय रिजर्व बैंक से की है, ताकि बाजार में उत्पन्न चिल्लर संकट को दूर किया जा सके।

### कैट ने लिखा पत्र

जिला राजनांदगांव इकाई के प्रदेश संरक्षक अनिल बरडिया, जिला अध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, संजय लड्ढा, अमित खंडेलवाल, लक्ष्मण लोहिया, अशोक पांडे, सागर चितलंगिया, विकास साहू, सूरज बुद्धदेव, आलोक बिंदल एवं प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि कैट परिवार द्वारा समय-समय पर व्यापारियों की समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के समक्ष प्रभावी पहल की जाती रही है। व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए यह मांग भी उसी कड़ी का हिस्सा है।

### आए दिन विवाद की स्थिति

पत्र में कहा गया है कि बाजार में चिल्लर की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे दुकानदारों एवं ग्राहकों के बीच असुविधा की स्थिति निर्मित हो रही है। छोटे व्यापारियों, फुटकर दुकानदारों, सब्जी विक्रेताओं, परिवहन व्यवसायियों सहित आम उपभोक्ताओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# किसानों का समुचित विकास भाजपा राज में ही होगा

## घुमका में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ विधानसभा के नवगठित घुमका नगर पंचायत में होने वाले चुनाव की तैयारी के संदर्भ में भाजपा ने अपनी तैयारियों को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज घुमका में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में उत्साह से कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

सम्मेलन में डोंगरगढ़ प्रभारी एवं तेलघानी आयोग अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, रमेश पटेल, राजेश श्यामकर एवं चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते कहा कि डोंगरगढ़ विधानसभा में 7 साल से कांग्रेस राज कर रही है। जिसमें 5 वर्षों तक उसकी सरकार भी रही, परंतु कांग्रेस से सिर्फ लोगों को बरगलाने का कार्य किया।

नेताओं ने कहा कि विगत सात वर्षों से डोंगरगढ़ में कांग्रेस के विधायक एवं सरपंच होने के बाद भी घुमका में करोड़ों रुपए का विकास कार्य विष्णुदेव साय सरकार ने किया है।



### कांग्रेस ने की उपेक्षाः पूर्व विधायक

पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं रामजी भारती ने भी अपने कार्यकाल की उपलब्धियां को साझा किया तथा बताया कि किस तरह से उन्होंने डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रीकाल में 15 वर्षों तक विकास की गंगा बहाई थी। यहां नया कॉलेज, मैदान, नई सड़को का जाल बिछाया, परंतु पिछले 7 साल में कांग्रेस ने इस क्षेत्र की उपेक्षा की है।

### भाजपा ने की किसानों की चिंताः बघेल

जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने भी किसानों से जुड़ी हुई खाद, बीज और सरकार के समुचित सहयोग की बातें बताते कहा कि किसानों की चिंता करते भाजपा ने सोसायटियों की संख्या तेजी से बढ़ाई और 3100 रुपए में धान खरीदकर समय पर राशि स्थानांतरण कर देशभर में छत्तीसगढ़ को विशेष स्थान पर पहुंचाया है। इस दौरान जागेश्वर साहू, रामकुमार वर्मा, महेश वर्मा, धनमत वर्मा, केशव जंघेल, नरेंद्र वर्मा, अजय ठाकुर, अमर लालवानी, मूलचंद भंसाली, नोमेश वर्मा, नागेश यदु, अश्विनी मुकेश साहू, विनोद बारले एवं 15 वार्डों के भाजपा उम्मीदवार सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अध्यक्ष सहित 15 पार्षद प्रत्याशियों के साथ भाजपा की नामांकन रैली निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घुमका

डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम घुमका में आगामी दिनों होने वाले नगर पंचायत चुनाव के अंतिम दिन भाजपा नामांकन रैली को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए अध्यक्ष एवं 15 पार्षदों की संयुक्त नामांकन रैली निकालेगी, जो आज सुबह 11 बजे भाजपा कार्यालय से शुरू होकर अवंती चौक से आजाद चौक और बस स्टैंड होते हुए महाराणा प्रताप चौक से तहसील कार्यालय जाएगी, जहां पर अध्यक्ष एवं 15 पार्षद प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। घुमका मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, महामंत्री जनक साहू व ललित साहू ने जानकारी देते बताया कि नामांकन रैली में जिले एवं प्रदेश के दिग्गज वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।



## ग्राम पटेल संघ की बैठक आज

**तुमड़ीबोड़।** छत्तीसगढ़ ग्राम पटेल संघ जिला राजनांदगांव की जिला प्रबंधकारिणी, कार्यकारिणी एवं तहसील अध्यक्ष आदि की बैठक कल 18 मई को सरस्वती शिशु मंदिर तुमडीबोड में आयोजित की गई है। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला ग्राम पटेल संघ के अध्यक्ष एवं सचिव ने सभी से उपस्थित होने की अपील की है।

## शिविर में महापौर ने खिलाड़ियों को विभिन्न खेल सामग्री वितरित की

# चिखली मैदान में ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पटरीपार क्षेत्र के चिखली स्कूल मैदान में करीब 200 बच्चों की भागीदारी के साथ निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ महापौर मधुसूदन यादव ने किया। समारोह में महापौर द्वारा खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक, स्किपिंग रोप, बॉल एवं अन्य खेल सामग्री वितरित की गई।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क शिविर का संचालन जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। शिविर में पटरीपार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से लगभग 200 बच्चे प्रतिदिन भाग लेकर खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को खेलों की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है तथा उन्हें खेलों के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में सुनील साहू, श्रुति लोकेश जैन, मनोहर यादव, लोकेश जैन, ललित नायडू, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अजय झा ,नीलम जैन, भूषण साव, मनीष गौतम, ज्ञानचंद जैन, प्रिंस भाटिया, महेंद्र सिंह ठाकुर, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, संतोष साहू, गोविंद यादव, दीपक यादव, अशोक देवांगन, जावेद खान, रामदास यादव, शकील अहमद, सुखदेव निर्मलकर, राजेश निर्मलकर, तौफीक अहमद, कृष्णा यादव, रजनी मेश्राम, किशोर मेश्राम, विष्णुनंद चौबे, शिवा चौबे सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, अभिभावक एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।



### हॉकी के प्रति बढ़ा रूझान

जिला हॉकी संघ एवं छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि मृणाल चौबे एवं रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विगत वर्षों में पटरीपार क्षेत्र में हॉकी खेल को बढ़ावा देने उल्लेखनीय कार्य किया गया है। जिसके परिणामस्वरूप यहां हॉकी खेलने वाले बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### नया हॉकी मैदान जल्द : महापौर

महापौर श्री यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मृणाल चौबे के प्रयासों से क्षेत्र के बच्चे खेल और फिटनेस के प्रति जागरूक हुए हैं। महापौर ने विश्वास दिलाया कि पटरीपार क्षेत्र को बहुत जल्द नया हॉकी मैदान मिलेगा। जिससे यहां की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच और सुविधाएं उपलब्ध होगी। वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने बताया कि प्रस्तावित हॉकी मैदान को शीघ्र खेल योग्य बनाने हेतु आगामी शनिवार को वृहद सफाई अभियान चलाया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं



**कोलेगांव।** ग्राम रबेली में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम देवी-देवताओं के आर्शीवाद से श्रीशनि देव जयंती एवं तीन दिवसीय मेला कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रवचन के द्वितीय दिवस कथा वाचक आचार्य पं प्रशांत शर्मा ने श्रद्धालुओं को बताया कि परमात्मा ही परम सत्य हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगती है, तब मनुष्य संसार से जुड़ा हुआ भी रहता है और उससे अलग भी हो जाता है। आकाश में बादल रहते हैं और बादल के भीतर भी आकाश तत्व मौजूद रहता है। बादलों के समाप्त हो जाने पर भी आकाश समाप्त नहीं होता। इसी प्रकार संसार नस्वर है, लेकिन परमात्मा शाश्वत हैं। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। पं श्री शर्मा ने कहा कि कण-कण में भगवान श्रीराम का वास है, परमात्मा की शक्ति अनंत है। उन्होंने कहा कि बिनु पद चले, सुने बिनु काना अर्थात भगवान बिना पैरों के चलते हैं, बिना कानों के सुनते हैं और बिना हाथों के भी अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं। वहीं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवणपान कर कथा-सत्संग का लाभ लेने के साथ मेले का आनंद भी उठा रहे हैं।

### शक्ति केंद्र कोलेगांव में संगठनात्मक बैठक संपन्न



**कोलेगांव।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार एवं मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में शक्ति केंद्र प्रभारी एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष चंद्रवंशी द्वारा शक्ति केंद्र कोलेगांव में भाजपा कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मन की बात कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। साथ ही प्रत्येक बूथ कमेटी में व्हाट्सएप ग्रुप बनाने, बूथ स्तर पर भाजपा के छः प्रमुख कार्यक्रमों के सफल संचालन तथा संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस दौरान बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, युवा प्रमुख, महिला प्रमुख एवं बीएलए-2 पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का सक्रियता से निर्वहन करने का आह्वान किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से सोसायटी अध्यक्ष रामाधार शर्मा, संयोजक श्रवण साहू, सह संयोजक परमेश्वर साहू, मुकेश यदु, घनश्याम चंद्रवंशी, संतोष साहू, कृष्णकुमार साहू, प्रेम सिंगरौल, दिनेश साहू, विकलेश साहू, विश्वा ओगरे एवं रामायण यदु उपस्थित थें।

### जिले के सुदूर वनांचल ग्राम ढोलबज्जा पहुंचे राज्यपाल

# हर घर में पढ़ाई का एक कोना हो तभी बच्चे आगे बढ़ेंगे: रमेन डेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम ढोलबज्जा पहुंचकर बैगा विद्यार्थियों और बैगा महिला स्व-सहायता समूहों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सपनों, पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि हर घर में एक कोना सिर्फ पढ़ाई के लिए होना चाहिए। तभी बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि भले ही वे स्वयं स्कूल नहीं जा पाए हों, लेकिन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए जरूर स्कूल भेजें। उन्होंने शिक्षा दूत के रूप में कार्य कर रहे शिक्षकों और युवाओं से कहा कि वे ड्रॉप आउट बच्चों को भी फिर से स्कूल से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने विद्यार्थियों को घर और आसपास साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक किया और कहा कि नई पीढ़ी को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनमन योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन स्तर और औसत आयु में सुधार लाना है।

इस दौरान बैगा छात्रा हेमकुमारी ने बताया कि उसने 12वीं कक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और वर्तमान में नीट की तैयारी कर रही है। वहीं गायत्री मेंरावी ने बीएससी नर्सिंग करने की इच्छा जताई। शिक्षा दूत के रूप में कार्य कर रहे नितेश बैगा ने बताया कि वे बैगा बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने और पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हैं।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि यह गर्व की बात है कि अब बैगा समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। डॉक्टर, नर्स और अन्य क्षेत्रों में जाने का सपना देख रहे हैं तथा दूसरे बच्चों को भी प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

#### महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में बेहतर कार्य कर रही



राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की दिशा में बेहतर कार्य कर रही हैं, लेकिन इसमें और अधिक संभावनाएं हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं को वैल्यू एडिशन और प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनके उत्पादों को बेहतर बाजार मिल सके। उन्होंने महिलाओं को ट्राइबल मिलेट्स की खेती और उससे जुड़े उत्पाद तैयार करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक महिलाएं समूहों से जुड़ें और अपने उत्पादों का निर्माण बढ़ाकर स्थानीय बाजारों में विक्रय करें, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सके।

#### क्षेत्र में 248 आवास स्वीकृत

इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि इसमें 4 गांव शामिल हैं, जहां लगभग 1100 की आबादी निवास करती है। उन्होंने जानकारी दी कि यहां जनमन योजना के तहत 248 आवास स्वीकृत किए गए हैं। वहीं बिहान योजना के अंतर्गत 22 स्व-सहायता समूह सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिनमें 18 बैगा समूह शामिल हैं।

# भीषण गर्मी में गौ-सेवा का सराहनीय प्रयास



■ मां अम्बे दुर्गोत्सव समिति ने किया कोटना वितरण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के कैलाश नगर स्थित मां अम्बे दुर्गोत्सव समिति द्वारा गौमाता की सेवा को सर्वोपरि मानते हुए सराहनीय पहल की गई।

समिति के सदस्यों ने गौ-माताओं के लिए पानी पीने हेतु विभिन्न स्थानों पर कोटना (पानी पात्र) का वितरण किया, ताकि गर्मी के इस मौसम में बेसहारा गौवंश को राहत मिल सके। समिति के इस निःस्वार्थ सेवा कार्य की शहर में जमकर सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि इस तरह के सामाजिक और जनहितकारी कार्यों से समाज में गौ-सेवा और मानवता का संदेश मजबूत होता है।

कार्यक्रम के दौरान समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने नियमित रूप से गौ-सेवा करने का संकल्प भी लिया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि मां अम्बे दुर्गोत्सव समिति द्वारा लगातार जनहित और समाजसेवा से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं तथा भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रहेंगे।

# महंगाई की मार से आम नागरिकों की बढ़ी परेशानी

## पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की कीमत बढ़ने से चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बढ़ती महंगाई से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ता नजर आ रहा है। खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर सीमेंट, घरेलू सामान और रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों तक हर वस्तु महंगी होती जा रही है।

गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के कारण महिलाओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम आदमी का जीवन प्रभावित हो रहा है और परिवार चलाना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है।ग्रामीणो का कहना है कि चुनाव के दौरान कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई, लेकिन परिणाम आने के बाद अचानक दाम बढ़ा दिए गए। इससे आम नागरिक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

लोगों का कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर घरेलू सामान और परिवहन तक हर चीज महंगी हो गई है। महिलाओं ने भी रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर नाराजगी जताई है। बताया जाता है कि उज्जवला योजना के तहत मिले गैस कनेक्शन होने के बावजूद कई परिवार सिलेंडर भरवाने में असमर्थ नजर आ रहे हैं।

लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर की कीमत लगभग 1000 रुपए तक पहुंच गई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीण नागरिकों ने बताया कि कई गरीब परिवार ऐसे हैं जो रोज कमाते और रोज खाते हैं। ऐसे परिवारों के लिए महंगे गैस सिलेंडर और बढ़ते ईंधन दाम बड़ी समस्या बन चुके हैं। लोगों ने सरकार से राहत देने की मांग की।

#### लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा

ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ दुकानदार और कोचिए बढ़े हुए दाम का फायदा उठाकर पेट्रोल 140 रुपए प्रति लीटर तक बेच रहे हैं। इससे आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे मामलों पर कार्रवाई की मांग की है।

# कुकदुर सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू इमरजेंसी ड्यूटी के लिए नया रोस्टर जारी



■ वनांचल क्षेत्र में ओपीडी, आपातकालीन सेवाएं और स्वास्थ्य शिविरों पर विभाग का फोकस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वनांचल क्षेत्र कुकदुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्वास्थ्य सेवाओं को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नया ड्यूटी रोस्टर जारी किया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) पंडरिया ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीणों को नियमित ओपीडी, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लगातार सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार पूर्व प्रभारी डॉ. प्रसंगीना प्रसाद साधु को लेकर प्रशासनिक लापरवाही, जनप्रतिनिधियों से विवाद, स्वास्थ्य कार्यक्रमों में निष्क्रियता और कर्मचारियों से दुर्व्यवहार जैसी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके अलावा दंत चिकित्सा के नाम पर वसूली एवं अप्रशिक्षित सहायकों से इलाज कराने की शिकायतों की भी जांच की जा रही है। जांच प्रभावित न हो, इसके लिए संस्था का भौतिक एवं वित्तीय प्रभार आगामी आदेश तक बीएमओ पंडरिया को सौंपा गया है।

#### नया ड्यूटी रोस्टर लागू

अस्पताल में 16 मई 2026 से नया ड्यूटी रोस्टर लागू किया गया है। सोमवार से शनिवार तक डॉ. प्रसंगीना प्रसाद साधु एवं डॉ. लक्ष्मीनारायण के साथ आरएमए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अस्पताल की नियमित सेवाएं पूरी तरह सुचारू हैं।

#### रविवार को भी मिलेगी 24 घंटे इमरजेंसी सेवा

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिनों में भी इमरजेंसी सेवाएं चौबीसों घंटे जारी रहेंगी। प्रथम एवं तृतीय रविवार को डॉ. लक्ष्मीनारायण तथा द्वितीय एवं चतुर्थ रविवार को डॉ. प्रसंगीना प्रसाद साधु आपातकालीन सेवाएं संभालेंगे।

#### गांवों में लग रहे स्वास्थ्य शिविर

कुकदुर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए समय-समय पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में जांच, परीक्षण और निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विभाग का कहना है कि दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्राथमिकता है।

# जल यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में श्रीमती अतुल राजीव शर्मा के निवास पर श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य आयोजन 17 मई से 25 मई तक किया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश एवं जल यात्रा के साथ हुई। श्रद्धालु महिलाओं ने पूरे भक्तिभाव और उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया।

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में श्री हरि की वाग्मयी प्रतिमूर्ति श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का श्रवण कराया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर मानव जीवन को कृतार्थ बनाने की अपील की है।

कथा में राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पंडित रजनीकांत शर्मा, लगरा मुंगेली द्वारा भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के मुख्य यजमान श्रीमती अतुल राजीव शर्मा हैं। आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से नित्य पूजा एवं पारायण तथा दोपहर 3 बजे से कथा का आयोजन राधे कृपा तक किया जाएगा।

वहीं श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के आयोजन से आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। वहीं कथा श्रवणपान करने आसपास क्षेत्र के भक्त जन पहुंचकर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है।

# महिलाओं ने पति की दीर्घायु व सुख समृद्धि के लिए रखा वट सावित्री व्रत

■ पूजा-अर्चना कर मां सावित्री से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



ग्राम कान्हाभैरा में वट सावित्री व्रत का पर्व श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महिलाओं ने पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए वट सावित्री माता का पूजन किया। महिलाओं ने गौरी-गणेश एवं कलश पूजन के बाद वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर 108 बार परिक्रमा लगाई तथा मां सावित्री से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा।

वहीं ग्रामाचार्य पं. प्रशांत शर्मा द्वारा विधिवत पूजन संपन्न कराया गया। तत्पश्चात उन्होंने वट सावित्री व्रत कथा का श्रवण कराया। कथा में देवी पार्वती और भगवान शंकर के संवाद के माध्यम से माता सावित्री और सत्यवान की अमर कथा सुनाई गई।

बताया गया कि किस प्रकार सावित्री ने अपने अटूट पतिव्रत, तप और निष्ठा के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए और अपने परिवार को पुनः सुख-समृद्धि दिलाई। कथा के दौरान बताया गया कि सावित्री ने जेठ अमावस्या के अवसर पर व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की थी। उनके अटूट समर्पण और पति के प्रति प्रेम से प्रसन्न होकर यमराज ने सत्यवान को पुनर्जीवन प्रदान किया।

इसी मान्यता के अनुसार विवाहित महिलाएं वट सावित्री व्रत रखकर पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं। पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

महादेव बाबा के पावन सानिध्य में महिलाओं ने श्रद्धा के साथ व्रत पूजन किया तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी एवं शरबत वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामाचार्य पं. प्रशांत शर्मा, नवीन चंद्रवंशी, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, संस्कृति, पूर्वी, अंशु, मनीष सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थें।

## NAME CHANGE OF A MINOR

I, **Geeta Dewangan** W/o Mukta Mani Dewangan R/o-118, ram nagar, daihan marg, Kawardha, Kawardha, PO. Kawardha, DIST. Kabeerdham, Chhattisgarh-491995 have change the name of my minor son **Annay Sagar Dewangan** aged **17 Years** and he shall hereafter be known as **Ananya Sagar Dewangan.**

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection. **Geeta Dewangan**
**[Signature of Guardian]**

### भावना बोहरा ने 65.64 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# गांव-गांव पहुंच रहा विकास: विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶रणवीरपुर

पंडरिया विधानसभा में विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के गांव-गांव में विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं। रविवार को विधायक भावना बोहरा ने ग्राम रणवीरपुर में 65 लाख 64 हजार से अधिक के विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित महतारी सदन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के उन्नयन कार्य, बूढ़ादेव मंदिर के सामने सामुदायिक भवन तथा माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष कुल 51 लाख 14 हजार से अधिक के कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 14 लाख 50 हजार की लागत से सामुदायिक भवन, अटल समरसता भवन एवं अटल डिजिटल सुविधा केंद्र निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि इन कार्यों के माध्यम से क्षेत्र में सामाजिक, शैक्षणिक एवं डिजिटल सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी जिसका सीधा लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा तथा ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सुविधाजनक स्थान प्राप्त होगा।

प्रदेश सरकार के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, अधोसंरचना एवं ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना एवं जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु ठोस कदम उठाए जा रहें हैं और आज रणवीरपुर में महतारी सदन का लोकार्पण इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह भवन हमारी मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। महतारी सदन हमारे गांव और क्षेत्र की महिलाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करेगा, जहां वे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगी। जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तब परिवार मजबूत होता है, समाज आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचता है। इसी सोच के साथ प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज लोकार्पित यह महतारी सदन महिलाओं के लिए बैठक, प्रशिक्षण, सामाजिक आयोजनों एवं स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों का केंद्र बनेगा। यहां से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने कौशल को विकसित करने और समाज में अपनी सहभागिता बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

# दुर्ग विवि: रोके गए परीक्षा परिणाम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग अपने रोके गए परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए है। इसमें वार्षिक सेमेस्टर/ पूरक/ एटीकेटी/ भूतपूर्वी विशेष परीक्षा सत्र जिसमें से सत्र-2018, 2019, 2020, 2023 तथा 2024 के परीक्षा परिणाम घोषणा-उपरांत विभिन्न परीक्षा के विद्यार्थियों के रोके गए परिणाम दुर्ग विवि ने परीक्षा परिणाम (विथेल्ड) शामिल है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### इंदौरी-पनेका के बीच दो ट्रकों की जोरदार भिड़ंत

**कवर्धा।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-30 पर सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने लोगों को दहला दिया। इंदौरी और पनेका के बीच रात करीब 11 बजे दो ट्रकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क किनारे एक ओवरलोड ट्रक खड़ा था। दुर्घटना के बाद मार्ग बाधित रहा।

# जिले में बनी पीडब्ल्यूडी की अजूबा सड़क, बीच सड़क पर खंभे और हैंडपंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से लेकर सांसद और विधायक द्वारा तथा कथित प्रयास कर करोड़ों के विकास एवं निर्माण कार्य स्वीकृत कराए जा रहे हैं और प्रायः हर रोज मजमा लगाकर इन स्वीकृत विकास एवं निर्माण कार्यो कहीं भूमिपूजन तो कहीं लोकार्पण किया जा रहा है।

लेकिन संबंधित कार्य ऐजेसिंया और उनके ठेकेदार आम जनता की सुविधाओं और जिले के विकास के नाम स्वीकृत इन निर्माण कार्यो का किस ढंग से मूर्तरूप दे रहे हैं यह देखने की फुर्सत किसी के पास नहीं है। ऐसी ही अनदेखी के बीच जिले में कार्य ऐजेंसी लोक निर्माण का एक अजूबा सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा जिले में निर्माणाधीन पिपरिया-गांगपुर सड़क इन दिनों लोगों के बीच चर्चा और नाराजगी का कारण बनी हुई है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रही इस सड़क के बीचोंबीच बिजली के खंभे और हैंडपंप छोड़े जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

सड़क निर्माण की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिन्हें लोग अजूबा सड़क का नाम दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से पिपरिया से गांगपुर तक करीब 3.80 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य शुरू होते ही इसकी गुणवत्ता और तकनीकी मानकों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के बीच खड़े बिजली पोल और हैंडपंप न केवल विभागीय लापरवाही को दर्शाते हैं, बल्कि यह लोगों की जान के साथ खिलवाड़ भी है।

### आरोपः सड़क निर्माण में बरती गई भारी अनियमितता



स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण से पहले बिजली खंभों और हैंडपंप को हटाया जाना चाहिए था, लेकिन ठेकेदार द्वारा जल्दबाजी में निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क कई स्थानों पर ऊंची-नीची दिखाई दे रही है, जबकि सड़क किनारे बनाए गए शोल्डर भी शुरुआती दौर में धंसने लगे हैं। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि सड़क के बीच मौजूद बिजली पोल और हैंडपंप आने वाले समय में बड़े हादसों का कारण बन सकते हैं। खासकर रात के समय दोपहिया वाहन चालकों और तेज रफ्तार वाहनों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बनी रहेगी।

### विभाग के अधिकारी अपनी अनदेखी पर अब दे रहे हैं सफाई

मामले के सामने आने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग ने सफाई देते हुए कहा है कि बिजली खंभे हटाने के लिए विद्युत विभाग से अनुमति मांगी गई थी, लेकिन अनुमति मिलने में देरी हुई। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शेष खंभों और हैंडपंप को जल्द ही शिफ्ट किया जाएगा तथा निर्माण कार्य में आवश्यक सुधार भी किए जाएंगे। इधर पिपरिया और आसपास के गांवों के लोगों ने पूरे मामले की स्वतंत्र जांच कराने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी राशि से बनने वाली सड़क यदि शुरुआत से ही सवालों के घेरे में हो, तो इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पिपरिया-गांगपुर सड़क निर्माण का यह मामला जिलेभर में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसे तंज के तौर पर "अजूबा सड़क" कहकर संबोधित कर रहे हैं।

**वारदात:** घटना के बाद जिले की कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

# सरोदादादर में आदिवासी युवती से सामूहिक दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरोदादादर में एक आदिवासी युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद जिले की कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। लगातार हत्या, चोरी, लूट और दुष्कर्म जैसी घटनाओं से जिले में भय और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात पीड़ित युवती किसी कार्यक्रम से लौट रही थी। इसी दौरान आरोपियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसे घर छोड़ने के बहाने कथित तौर पर जबरन अपने कब्जे में लेकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवती को जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

इस घटना का खुलासा दूसरे दिन शनिवार की सुबह उस समय हुआ जब क्षेत्र के कुछ लोग जंगल की तरफ गए। जहां उन्होने सरोदादादर- रानीदहरा मार्ग के बीच जंगल में एक युवति को अर्ध नग्न व बेसुद अवस्था में देखा और इसकी जानकारी पीड़िता के परिजनो को दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो ने इसकी जानकारी चिल्फी पुलिस को दी और पीड़िता को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां होश में आने के बाद पीड़िता ने आपबीती बताई।

जिसके आधार पर पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### घटना को लेकर लोगों में आक्रोश



घटना के बाद ग्रामीणों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि जिले में लगातार बढ़ते अपराधों के कारण आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराते हुए घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। मामले में संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### जिले की कानून व्यवस्था चौपट

बताया जाता जाता है कि यह घटना तब सामने आई है जब इस क्षेत्र में प्रदेश के राज्यपाल सहित आला नेताओं और आला प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी थी। इसके बावजूद इस तरह की घटना सामने आना निश्चित रूप से जिले की कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अपराधों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो जिले की स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# लालपुर खार में पुलिस कर्मी का फांसी के फंदे में लटका मिला शव



■ पुलिस मुख्यालय रायपुर में अटैच था पुलिस कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में उस समय सनसनी फैल गई, जब पुलिस विभाग में पदस्थ एक हेड कांस्टेबल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के लालपुर खार इलाके की है।

मृतक की पहचान बहादुर सिंह मेरावी आयु 38 वर्ष के रूप में हुई है, जो पुलिस विभाग की एसआईबी शाखा में पदस्थ था और वर्तमान में रायपुर पीएचक्यू में अटैच बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान बहादुर सिंह मेरावी आयु 38 वर्ष निवासी ग्राम अंजना रेंगाखार के रूप में हुई है। वह वर्तमान में पुलिस लाइन कवर्धा में रह रहा था।

जानकारी के अनुसार, बहादुर सिंह मेरावी पुलिस विभाग की एसआईबी शाखा में पदस्थ था तथा वर्तमान में रायपुर स्थित पीएचक्यू में अटैच किया गया था। घटना थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के लालपुर खार इलाके की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने सुबह पेड़ पर शव लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की। घटनास्थल के पास मृतक की बाइक भी बरामद हुई है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र की जांच करते हुए साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं।प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रही है।

अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस मृतक के पारिवारिक, सामाजिक तथा विभागीय पहलुओं की भी जांच कर रही है।

### पूर्व में जेल जा चुका था मृतक

जानकारी के अनुसार, मृतक पूर्व में दुष्कर्म के एक मामले में जेल भी जा चुका था। बाद में जमानत पर रिहा होने के पश्चात उसे रायपुर मुख्यालय में अटैच किया गया था। इस तथ्य को भी जांच के दायरे में रखा गया है। घटना के बाद पुलिस विभाग में भी शोक और चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों में भी घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और परिजनों सहित संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### होमगार्ड की भी फांसी पर लटकी मिली थी लाश

यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी हाल ही में बीते 9 मई को भी कबीरधाम जिले के छिरहा स्थित होमगार्ड कार्यालय परिसर में के बाथरूम में एक होमगार्ड जवान का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। मृतक की पहचान नगर सैनिक क्रमांक 222 विनोद मेरावी, निवासी जंगल रेंगाखार के रूप में हुई है।

# भोरमदेव पहुंचे राज्यपाल रमेन डेका ने की विधि विधान से पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने आज ऐतिहासिक एवं धार्मिक आस्था के केंद्र भोरमदेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की।

उन्होंने जलाभिषेक कर प्रदेश एवं जिलेवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा ने भी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राज्यपाल श्री डेका ने भोरमदेव मंदिर की स्थापत्य कला, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि भोरमदेव मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि लगभग 146 करोड़ रुपए की लागत से विकसित हो रहा भोरमदेव कॉरिडोर इस क्षेत्र के पर्यटन और समग्र विकास को नई पहचान देगा। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि कॉरिडोर निर्माण से यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे स्थानीय रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# राज्यपाल रमेन डेका के चिल्फीघाटी प्रवास से उभरी बैगा अंचल के विकास की नई उम्मीद



■ सरोधा दादर के ग्रामीणों ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

कबीरधाम जिले की प्राकृतिक सुंदरता और बैगा संस्कृति के लिए प्रसिद्ध चिल्फी घाटी इन दिनों विशेष चर्चा में है। छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमन डेका के दो दिवसीय प्रवास ने क्षेत्र के विकास को नई उम्मीद दी है।

इस दौरान बैगा बाहुल्य ग्राम सरोधा दादर में ग्रामीणों, बैगा समाज और बैगा एथनिक रिसॉर्ट प्रबंधन ने पारंपरिक आदिवासी संस्कृति के साथ राज्यपाल का आत्मीय स्वागत किया। बैगा समाज की महिलाओं और युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर लोकनृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

बैगा एथनिक रिसॉर्ट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने स्थानीय संस्कृति, पर्यटन संभावनाओं और जनजातीय विरासत को करीब से देखा तथा इसकी सराहना की। प्रवास के दूसरे दिन ग्रामीणों और बैगा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में बृजेश तिवारी प्रदेश युवा मित्र मंडल मीडिया प्रभारी,लोकेंद्र प्रसाद यदु, कृष्णा केवट (मैनेजर, बैगा एथनिक रिसॉर्ट) सहित रिसॉर्ट का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सरोधा दादर को नेशनल बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता में सिल्वर कैटेगरी का राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है, जिसने छत्तीसगढ़ को देशभर में नई पहचान दिलाई है। ग्रामीणों ने कहा कि अब इस राष्ट्रीय सम्मान के अनुरूप गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होना जरूरी है।

### पानी और सड़क बनी प्रमुख मांग

ग्रामीणों ने राज्यपाल को बताया कि गांव में आज भी पेयजल की समस्या बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है। ज्ञापन में जल जीवन मिशन के तहत स्थायी पेयजल व्यवस्था और पानी टंकी निर्माण की मांग की गई। इसके साथ ही थाना चिल्फी से बैगा एथनिक रिसॉर्ट सरोधा दादर तक सड़क के डामरीकरण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बेहतर होने से पर्यटन गतिविधियों को और गति मिलेगी तथा स्थानीय लोगों को भी आवागमन में सुविधा होगी।

### पर्यटन और बैगा विरासत महाविद्यालय की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने चिल्फी घाटी में पर्यटन, जनजातीय संस्कृति, बैगा विरासत, इको-टूरिज्म और होटल प्रबंधन आधारित विशेष महाविद्यालय खोलने का प्रस्ताव भी रखा। ग्रामीणों का कहना है कि इससे 50 से अधिक गांवों के युवाओं को स्थानीय स्तर पर शिक्षा एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे और पलायन कम होगा।

# पांडातराई नगर में 74वां उर्स पाक आज, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हजरत बाबा सैयद शेरशाह वली रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह में सोमवार 18 मई को सालाना 74वां उर्स पाक अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।



उर्स के अवसर पर दरगाह परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा बड़ी संख्या में जायरीनों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। उर्स पाक के मौके पर देर रात शानदार कव्वाली मुकाबले का आयोजन किया जाएगा, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। आयोजन में अंतरराष्ट्रीय कव्वाल जुनैद सुल्तानी तथा अंतरराष्ट्रीय कव्वाल रेहाना चिश्ती गुजरात अपनी सूफियाना कलाम और कव्वालियों की प्रस्तुति देंगे। आयोजकों के अनुसार कव्वाली कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

उर्स कमेटी के अध्यक्ष डॉ. आई.आर. रहमान रायपुर ने बताया कि रविवार को पारंपरिक शान-ओ-शौकत के साथ शानदार शांदल चादर कार्यक्रम निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और दरगाह में चादर पेश कर अमन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी गई।

उर्स कार्यक्रम को देखने और सुनने के लिए आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से भी लोग पहुंचते हैं। पांडातराई का यह उर्स धार्मिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक माना जाता है, जहां हर वर्ग और समुदाय के लोग शामिल होकर आपसी प्रेम और एकता का संदेश देते हैं।


**मंदिर समिति व भक्तों ने धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया शनि जन्मोत्सव**

# गौरकापा धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

छत्तीसगढ़ में सनातन आस्था केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना चुके पंडरिया तहसील के गौरकापा स्थित शनि मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 मई को शनि जन्मोत्सव बेहद धूमधाम, हर्षोल्लास और अटूट श्रद्धा के साथ मनाया गया।

इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। अंचल में पड़ रही भयंकर गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर में दर्शनार्थियों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु घंटों लाइन में प्रतीक्षा करने के बाद न्याय के देवता भगवान शनिदेव के दर्शन कर धन्य हुए।






### आयोजन में सुरक्षा व सेवा की मिसाल

भीड़ को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। वहीं, व्यवस्था को सुचारू बनाने में स्काउट गाइड के छात्रों ने भी अपनी सराहनीय सेवाएं दीं। भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए पानी, भोजन और महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसमें स्कूली छात्र और दर्जनों की संख्या में क्षेत्र के स्वयंसेवक पूरी निष्ठा से जुटे रहे।

### तीन दिवसीय शनि मेला शुरू, सजीं दुकानें

शनि जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर के दोनों ओर लगभग 1 किलोमीटर के दायरे में भव्य मेले का आयोजन किया गया है। मेले में दैनिक उपयोग की वस्तुओं से लेकर बच्चों के खिलौनों और खान-पान की दुकानें सजी हुई हैं। यह प्रसिद्ध शनि मेला आगामी तीन दिनों तक जारी रहेगा।

# समधी ने समधी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पारिवारिक रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक सनसनीखेज घटना में समधी ने ही अपने समधी की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामला कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम लखनपुर का है, जहां बीती रात आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति की जान चली गई। घटना के बाद गांव में दहशत और शोक का माहौल है।



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान टहलु राम गोंड़ आयु 65 वर्ष निवासी ग्राम लखनपुर के रूप में हुई है। वहीं आरोपी दुखीराम श्याम निवासी दैहानटोला बताया गया है। दोनों आपस में समधी थे और किसी पारिवारिक अथवा व्यक्तिगत बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि बीती रात लगभग 10:30 बजे दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई।

आरोप है कि गुस्से में आकर दुखीराम श्याम ने टहलु राम गोंड़ के सिर पर लाठी से जोरदार हमला कर दिया। वार इतना गंभीर था कि टहलु राम गोंड़ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वहीं सूचना पर कुकदुर थाना पुलिस भी तत्काल गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

घटना के बाद मृतक के परिजनों में मातम पसरा हुआ है। गांव में भी इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जिससे एक परिवार उजड़ गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हत्या का मामला सामने आया है और आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।